हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

01 मार्च 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विश्व 21वीं सदी के भारत की ओर बेहद उत्सुकता से देख रहा है। भारत आज विश्व में विनिर्माण का नया केंद्र बन रहा है।
- प्रधानमंत्री ने कहा है कि इस वर्ष के बजट का केंद्र कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है।
- हरियाणा, चंडीगढ़ सहित आज देशभर में जन औषधि जन चेतना सप्ताह शुरू हुआ। इस दौरान लोगों को जन जन औषधि केंद्रों के जरिए मिलने वाली सस्ती दवाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।
- केंद्र सरकार ने पासपोर्ट संबंधी नियमों में संशोधन किया।
- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए अतिरिक्त पर्यवेक्षक नियुक्त किए।

********************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विश्व 21वीं सदी के भारत की ओर बेहद उत्सुकता से देख रहा है। नई दिल्ली में आज भारत मंडपम में एन एक्स टी कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को जानने के लिए दुनियाभर से लोग भारत आना चाहते हैं।श्री मोदी ने कहा कि प्रयागराज में एकता के संगम-महाकुंभ का हाल ही में समापन हुआ। महाकुंभ ने पूरे विश्व को चकित कर दिया कि कैसे नदी के किनारे एक अस्थायी शहर में करोडों लोगों ने पवित्र स्नान किया।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, आज विश्व का विनिर्माण का नया केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल अब वास्तविकता में बदल रहा है।श्री मोदी ने कहा कि पहले जिस सामान का आयात किया जाता था अब वो देश में ही निर्मित किया जा रहा है तथा भारत अब इन उत्पादों के निर्यात के लिए महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि अब किसान अपने उत्पादों को वैश्विक बाजार बेच रहे हैं।प्रधानमंत्री ने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के मंत्र को श्रेय दिया।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का युवा सरकार की मुख्य प्राथमिकता है और शिक्षा नीति ने विद्यार्थियों को पुस्तकों से हटकर सोचने का अवसर दिया।

*************************************************************************

प्रधानमंत्री ने कहा है कि इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा-

उन्होंने कहा कि कृषि को विकास का पहला इंजन मानते हुए सरकार ने किसानों को गौरव का स्थान दिया है।प्रधानमंत्री ने कहा है कि सरकार ने केंद्रीय बजट में 'पीएम धन धान्य कृषि योजना' की घोषणा की है, जिसके तहत देश में सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले 100 जिलों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि यह 'बीज से बाजार तक' कार्यक्रम जैसी सरकार की पहलों के माध्यम से संभव हुआ है।

प्रधानमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि फलों और सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम लागू किए जा रहे ।श्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का भी उल्लेख किया और कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत करोड़ों गरीब लोगों को घर दिए जा रहे हैं और स्वामित्व योजना ने संपत्ति मालिकों को संपत्ति का अधिकार दिया है।

*********************************************************************

हरियाणा, चंडीगढ़ सहित देशभर में आज से जन औषधि जन चेतना सप्ताह का शुभारंभ हुआ जो सात मार्च तक मनाया जाएगा। आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के रथ और दस अन्य वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया।श्री नड्डा ने सभी लोगों से प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना को एक जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया।
जन औषधि जन चेतना सप्ताह का इस वर्ष का थीम "जन औषधि सस्ती भी अच्छी भी" है। इस सप्ताह के दौरान, जन औषधि केंद्रों के ज़रिए मिलने वाली दवाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।हरियाणा में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के नोडल अधिकारी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया -

इस योजना का लाभ उठा रहे लोगों ने बताया कि जन औषधि केंद्रों पर काफी कम कीमतों पर दवाइयां उपलब्ध है।

भिवानी में एक प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के संचालक शक्ति सिंह ने बताया -

जींद में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का संचालन कर रहे हरदीप शर्मा ने बताया–

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए काफी कारगर योजना साबित हो रही है। अब इसके केंद्र जिला मुख्यालयों के साथ-साथ उपमंडल एवं कस्बों में भी खुल गए है जिसका सभी लोग बखूबी लाभ उठा रहें है।

*************************************************************************

केंद्र सरकार ने पासपोर्ट संबंधी नियमों में संशोधन किया है। नए नियमों के अनुसार एक अक्तूबर 2023 या उसके बाद जन्म लेने वाले पासपोर्ट आवेदकों के लिए जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिकारी, नगर निगम या जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अंतर्गत किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र ही जन्म तिथि का एकमात्र प्रमाण माना जाएगा। पासपोर्ट नियम-1980 में संशोधन को जारी करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है।

*************************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं में अब तक नकल के कुल 97 मामले पकड़े गए है। बोर्ड ने अब नकल रहित परीक्षा के संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं।

बोर्ड सचिव अजय चोपड़ा ने आज भिवानी में एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया -

उन्होंने बताया कि 10वीं कक्षा के गणित विषय के प्रश्न पत्र पाठ्यक्रम से बाहर से आने की शिकायतों पर समिति बनाकर विद्यार्थियों को अतिरिक्त अंक देने का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा तथा समय पर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। वही उन्होंने अध्यापक पात्रता परीक्षा को लेकर कहा कि जल्द ही उच्च अधिकारियों के आदेश पर परीक्षाएं आयोजित करवाई जाएगी।

*************************************************************************

15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप आज से पंचकूला के ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में शुरू हो रही है।12 मार्च तक होने वाली इस चैंपियनशिप में 28 टीमें भागले रही हैं। जिन्हें तीन भागों में वर्गीकृत किया गया है ।टीमों को चार पूल में बांटा गया है। प्रत्येक टीम अपने-अपने पूल में लीग प्रारूप में खेलेगी।